हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, मंगलवार 24 फरवरी 2026

11 साइंस कॉन्क्लेव ज्ञान वृद्धि और नवाचार का...

12 लाडवी के सरपंच पर अवैध कब्जा कर निर्माण...


## खबर संक्षेप

### स्वच्छता नियम तोड़ने पर काटे 13 के चालान

**हिसार।** शहर को स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा निरंतर कदम उठाए जा रहे हैं। नगर निगम की टीमों ने खुले में कचरा डालने और स्वच्छता नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 13 चालान किए। खुले में कचरा डालने पर एएसआई राहुल सैनी व एएसआई राहुल पंवार ने सेक्टर 14 गेट नंबर 2 व पुरानी ऑटो मार्केट, धक्का बस्ती रोड पर चार दुकानदारों के चालान किए। एएसआई विजेता ने खुले में कचरा डालने पर फूल मार्केट व रेलवे स्टेशन के आस-पास के क्षेत्र में चार दुकानदारों के चालान किए। ओल्ड कोर्ट काम्पलैक्स क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करते पाएं जाने पर एएसआई सरोज ने दुकानदार का चालान किया। एएसआई सन्नी ने खुले में कचरा डालने पर मॉडल टाउन के एक दुकानदार व दिल्ली रोड पर सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करते पाए जाने पर तीन दुकानदारों के चालान किए।

### ट्रेन में मिले बैग ने 6.2 किलो डोडापोस्त निकला

**हिसार।** यात्री ट्रेन में तलाशी अभियान के दौरान रेलवे थाना पुलिस ने एक लावारिस बैग मिला है। यह बैग सिरसा की तरफ जा रही एक रेलगाड़ी में मिला। पुलिस टीम ने तलाशी के दौरान गांव जाखोद खेड़ा रेलवे स्टेशन से आगे एक बैग को देखा और उसके बारे में आसपास बैठे यात्रियों से पूछताछ की लेकिन किसी ने कुछ नहीं बताया। आदमपुर स्टेशन पहुंचने पर पुलिस टीम ने बैग को नीचे उतारा और उसका खोला में बैग में 6 किलो 200 ग्राम डोडा चूरापोस्त निकला। पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### एससी-बीसी छात्रों के लिए छात्रावास में प्रवेश शुरू

**हिसार।** हरियाणा सरकार के कल्याण विभाग द्वारा जिला में अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग तथा टपरीवास/विमुक्त घुमन्तु व अर्ध घुमंतु जातियों के विद्यार्थियों के लिए संचालित छात्रावासों में नए शैक्षणिक सत्र (मार्च-अप्रैल 2026) के लिए प्रवेश प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। उपायुक्त महेंद्र पाल ने बताया कि राजगढ़ रोड, हिसार स्थित छात्रावास में कक्षा 6वीं से 10वीं तक अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क आवास, भोजन, वस्त्र, पुस्तकें एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं। छात्रावास में 50 सीटों पर प्रवेश किया जाना है। उन्होंने बताया कि प्रवेश लेने वाला छात्र कक्षा 6वीं से 10वीं तक का नियमित विद्यार्थी हो।

### जिले के परीक्षा केंद्रों पर 1 अप्रैल तक धारा 163 लागू

**हिसार।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की परीक्षाओं के मद्देनजर 1 अप्रैल तक जिले के सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में बीएनएस 2023 की धारा 163 लागू की गई है। जिलाधीश महेंद्र पाल की ओर से जारी आदेशों के अनुसार हरियाणा बोर्ड की ओर से करवाई जाने वाली विभिन्न परीक्षाओं के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशों में कहा गया है कि परीक्षाओं को शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए जिले में सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास 200 मीटर की परिधि में नागरिकों की भीड़ एकत्रित होने पर पाबंदी लगाई गई है। परीक्षा केंद्र के 200 मीटर के एरिया में 5 या उससे ज़्यादा लोगों के इकट्ठा होने, मोबाइल, पेनड्राइव और दूसरे कम्युनिकेशन के साधन, फायर आर्म्स, तलवारें, गंडासा, लाठी, बरछा, कुल्हाड़ी, जाली, चाकू और दूसरे हथियार ले जाने पर रोक रहेगी। परीक्षा की तिथि वाले दिन केंद्र के आस-पास 200 मीटर की परिधि में परीक्षा अवधि के दौरान फोटोस्टेट के व्यवसाय पर प्रतिबंध लगाया जाता है। यह आदेश ड्यूटी पर तैनात पुलिस विभाग और अन्य सरकारी कर्मचारी के ऊपर लागू नहीं होगा।

## पोस्टमार्टम में शरीर पर मिले चाकू के 4 वार, पैतृक गांव लाडवा में अंतिम संस्कार

# दो दिन पहले झगड़ा रोकने की रंजिश में की थी पूर्व बीएसएफ कर्मी की हत्या

**24 घंटे में दो नामजद आरोपी दबोचे, मुख्य आरोपी अभी फरार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

अर्बन एस्टेट थाना पुलिस ने सेक्टर 9-11 के पास रविवार को रिटायर्ड बीएसएफ कर्मी एवं प्रॉपर्टी डीलर कलम सिंह की हत्या के मामले में 24 घंटे में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि मुख्य आरोपी अभी फरार है और पुलिस टीमें उसकी तलाश कर रही है। पकड़े गए आरोपितों में सातरोड निवासी रोहित व संजय शामिल है। पुलिस की ओर से की गई प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दो दिन पूर्व मृतक ने आरोपियों को आपसी झगड़ा करने से रोका था। इसी रंजिश के चलते इस वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी संजय ने मृतक को पकड़कर लाठी-डंडों से मारपीट कर गंभीर चोटें पहुंचाईं, जबकि मुख्य आरोपी आजाद नगर निवासी योगेश, जो अभी फरार है, मृतक पर चाकू से हमला किया था। मृतक कलम सिंह ने सेक्टर 9-11 में अमन प्रॉपर्टी नाम से कार्यालय खोला हुआ था।

उधर, मंगलवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। इसके बाद उनके पैतृक गांव लाडवा में शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मामले के अनुसार रविवार देर सायं सेक्टर 9-11 के पास मुन्ना स्वीट्स के सामने कुछ युवकों ने मृतक पर चाकू व लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया था। हमले में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



### दिल को चीर गया चाकू का एक वार

शव के पोस्टमार्टम में मृतक के शरीर पर चाकू के चार वार मिले हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार सीने के पास हुआ वार दिल को चीर गया, जिस कारण सेवानिवृत्त एसआई कलम सिंह की मौत हुई। इसके अलावा एक घाव पेट, दाए कंधे पर मिला है। सिर में भी चाकू लगने का निशान मिला है। पोस्टमार्टम के बाद अर्बन एस्टेट थाना पुलिस विसरा जांच के लिए लैब में भेजेंगी।

### भाई ने दर्ज करवाया केस

पुलिस ने मृतक के भाई के बयान पर हत्या का यह केस दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार आजाद नगर निवासी योगेश, सातरोड निवासी संजय व रोहित सहित अन्य ने इस वारदात को अंजाम दिया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि मुख्य आरोपी योगेश ने चाकू मारा वहीं आरोपी संजय ने मृतक को पकड़कर लाठी-डंडों से मारपीट कर गंभीर चोटें पहुंचाईं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि नाजमद आरोपी योगेश की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की गई है। विभिन्न स्थानों पर उसकी तलाश में छापेमारी की जा रही है और मामले में आगामी कार्रवाई जारी है।

### वारदात की फिराक में था आरोपी

पुलिस की जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी आजाद नगर निवासी योगेश अपने क्षेत्र में किसी वारदात की फिराक में था। उस पर पहले भी आजाद नगर, सिविल लाइन थाना, अर्बन एस्टेट पुलिस थाना में हत्या, लूट, डकैती, छीना-झपटी, शस्त्र अधिनियम के लगभग 10 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। पता चला है कि रविवार को योगेश बुलेट और बाइक पर अपने पांच साथियों के साथ मछली मार्केट के पास एक होटल में गया था। वहां पर सभी ने एक कमरे में बैठकर शराब पी। उसके बाद सभी बुलेट और बाइक पर सवार होकर आजाद नगर में एक वारदात को अंजाम देने के लिए जा रहे थे। रास्ते में सेक्टर 9-11 के मोड़ पर स्कूटी से बुलेट की टक्कर होने से विवाद हो गया और बाद में यह घटना हो गई।

## नर्सिंग छात्राओं का माइग्रेशन व कॉलेज अलाटमेंट मामला

# छात्राएं व मजदूर-किसान आज करेंगे विधायक आवास का घेराव

- विधायक आवास के बाहर छात्राओं का क्रमिक अनशन तीसरे दिन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

विधायक आवास के बाहर माइग्रेशन की मांग को लेकर धरने पर बैठी नारनौंद क्षेत्र के एक निजली नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं का धरना 11वें दिन तथा क्रमिक अनशन तीसरे दिन भी जारी रहा। विधायक विनोद भयाना ने एक सप्ताह पूर्व छात्राओं का शुक्रवार तक माइग्रेशन सर्टिफिकेट व कालेज अलाटमेंट लेटर जारी होने का आश्वासन दिया दिया था, लेकिन आश्वासन की समयावधि बीत जाने के बाद भी मांगें पूरी नहीं होने के बाद छात्राओं के समर्थन में मजदूर, किसान व खाप पंचायत एकजुट हो गई हैं और धरना स्थल पर शनिवार से 5-5 छात्राओं द्वारा रोजाना क्रमिक अनशन पर किया जा रहा है। जब तक छात्राओं की मांग पूरी नहीं हो जाती तब तक उनका क्रमिक अनशन जारी रहेगा।

वहीं सरकार द्वारा सोमवार को भी छात्राओं की माइग्रेशन की मांग को पूरा नहीं किया तो धरना स्थल पर बैठे किसान नेताओं तथा छात्राओं ने कहा कि पूर्व निर्धारित अनुसार मंगलवार को विधायक विनोद भयाना के आवास के दोनों गेटों का घेराव किया जाएगा। पिछले 11 दिनों से विधायक भयाना के आवास के बाहर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठी छात्राओं ने कहा कि माइग्रेशन व कालेज अलाटमेंट लेटर लिए बिना धरना और आंदोलन किसी भी हालत समाप्त नहीं किया जाएगा।

### सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की

विधायक आवास के बाहर किसान व खाप पंचायतों के धरने व आज होने वाले घेराव के मद्देनजर पुलिस ने विधायक आवास व धरना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पुलिस उच्च अधिकारियों द्वारा विधायक आवास के बाहर धरने पर बैठी छात्राओं व किसान संगठनों की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी जा रही तथा किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

### 3 दिन का था आश्वासन

भारतीय किसान मजदूर यूनियन प्रधान सुरेश कौथ ने बैठक के बाद बताया कि 16 फरवरी की शाम विधायक विनोद भयाना ने धरना स्थल पर पहुंचकर बताया था कि माइग्रेशन फाइल पर मुहर लग चुकी है और तीन दिनों के भीतर 166 छात्राओं को माइग्रेशन व कॉलेज अलॉटमेंट मिल जाएगा। उन्होंने 19 फरवरी तक का समय मांगा था।



हांसी। सड़क निर्माण का नारियल तोड़कर शुभारंभ करते विधायक विनोद भयाना।

## उमरा गेट से छाबड़ा चौक तक नई सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ

- सड़क निर्माण से पहले बिछेगी नई सीवरेज लाइन: भयाना

**हांसी।** नागरिकों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उमरा गेट से छाबड़ा चौक तक नई सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस सड़क निर्माण कार्य का विधायक विनोद भयाना ने नारियल तोड़ कर विधिवत उद्घाटन किया। परियोजना पर कुल 23 लाख 71 हजार रुपये की राशि खर्च की जाएगी। इस अवसर पर विधायक विनोद भयाना ने कहा कि शहर के सर्वांगीण विकास के लिए मजबूत और टिकाऊ सड़कें अत्यंत आवश्यक हैं। उमरा गेट से छाबड़ा चौक तक का यह मार्ग शहर का एक प्रमुख व व्यस्त मार्ग है, जिस पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहन, पैदल यात्री और व्यापारी आवाजाही करते हैं। उन्होंने कहा कि इस सड़क की खराब स्थिति के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, जिसे देखते हुए इस सड़क के पुनर्निर्माण का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर विधायक ने निर्माण कार्य से जुड़े विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता युक्त सामग्री का ही उपयोग किया जाए, ताकि सड़क लंबे समय तक टिकाऊ बनी रहे और बार-बार मरम्मत की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण से पहले नई सीवरेज लाइन भी बिछवाई जाएगी। इस अवसर पर कृष्ण इलाहाबादी, तरुण अरोड़ा राकेश भाटिया बिट्टू सरदार ताराचंद सहित क्षेत्र से अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## गुजवि में दूरस्थ शिक्षा एवं एजुकेशन कॉलेज की परीक्षाएं आज से

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के दूरस्थ शिक्षा विभाग व सम्बन्धित एजुकेशन कॉलेज के सत्र फरवरी 2026 की परीक्षाएं 24 फरवरी से शुरू होंगी। सम्बन्धित एजुकेशन कॉलेज के एमएड व बीएबीएड के ऑड सेमेस्टर की मेन परीक्षा के साथ-साथ रिअपीयर की परीक्षाएं शामिल है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने परीक्षा में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि दूरस्थ शिक्षा विभाग व सम्बन्धित एजुकेशन कॉलेज की परीक्षाओं की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सम्बन्धित एजुकेशन कॉलेज की परीक्षाएं राजकीय महिला महाविद्यालय, दिल्ली बाइपास रोड़, हिसार में होंगी, वहीं दूरस्थ शिक्षा विभाग की परीक्षाओं के लिए सीआरएम जाट कॉलेज, गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय, एफसी महिला महाविद्यालय, ओडीएम महिला महाविद्यालय, एसडी महिला महाविद्यालय, हांसी, लॉर्ड शिवा कॉलेज ऑफ फार्मेसी सिरसा, पंडित जेएलएन राजकीय महाविद्यालय, फरीदाबाद तथा वैश्य कॉलेज, भिवानी बनाया गया है।

# गैबीपुर के ग्रामीणों ने प्राचार्या के तबादले की मांग पर आरोही स्कूल को जड़ा ताला

प्राचार्या पर ग्रामीणों, बच्चों, स्टाफ व ग्राम पंचायत के साथ दुर्व्यवहार का आरोप

स्कूल के गेट पर ताला लटका होने की वजह से तीन घंटे तक बाहर ही रुके रहे विद्यार्थी




हिसार। गांव गैबीपुर में स्कूल के गेट पर ताला जड़का धरने पर बैठे लोग व गेट बंद होने की वजह से स्कूल के बाहर एकत्रित स्कूली बच्चे। फोटो : हरिभूमि

- बीईओ ने मौके पर पहुंचकर लोगों की मांग को पूरा करवा स्कूल का गेट खुलवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला

गांव गैबीपुर के ग्रामीणों ने आरोही स्कूल की प्राचार्या का दुर्व्यवहार के चलते तबादला करवाए जाने की मांग को लेकर सोमवार प्रातः स्कूल के गेट पर ताला जड़ दिया और स्कूल के गेट के समक्ष दरी पर बैठकर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन और स्कूल के गेट पर ताला जड़ने की कार्रवाई का नेतृत्व सरपंच पवन मेहता गैबीपुर ने किया। स्कूल के गेट पर ताला लटका होने की वजह से स्कूल में पढ़ने आए बच्चे स्कूल के गेट पर ही रुके रहे। सूचना पाते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची।

खंड शिक्षा अधिकारी जिले सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर धरनारत लोगों की मांग को सुना और उनकी मांग को पूरा करते हुए प्राचार्या का यहां से तबादता करवा स्कूल के गेट पर जड़े ताले को खुलवाया। तब जाकर बच्चे स्कूल में दाखिल हुए। स्कूल के गेट पर प्रातः 7 बजे से लेकर 10 बजे तक लगभग 3 घंटे ताला लगा रहा। ताला खुलने के बाद स्कूल में बच्चों की पढ़ाई सुचारू रूप से हो पाई। प्रदर्शन में शामिल सरपंच पवन मेहता गैबीपुर, गोपी राम नलवा, सज्जन गैबीपुर, दीपक, महाबीर बेनीवाल, नरेश नागर, मन्नू व मनमोहन बेनीवाल आदि ने आरोप लगाया कि प्राचार्या द्वारा ग्रामीणों, स्कूली बच्चों,स्टाफ व ग्राम पंचायत के प्रति दुर्व्यवहार किया जाता है। प्राचार्या के समक्ष गुहार भी लगाई गई तो भी प्राचार्या ने अपने व्यवहार में कोई बदलाव नहीं किया। इसके चलते लोगों को स्कूल के गेट पर ताला जड़ने का यह कदम उठाना पड़ा।

### प्राचार्य रिलीवः बीईओ


खंड शिक्षा अधिकारी जिले सिंह ने कहा कि इस स्कूल की प्राचार्या को तुरंत प्रभाव यहां से रिलीव कर दिया गया है। प्राचार्या का तबादला जिला शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय नारनौंद में कर दिया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी जिले सिंह ने उन पर लगाए गए आरोपों को निराधार बताया और कहा कि यह कार्रवाई नियमानुसार की गई है। उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई किसी भी प्रकार से बाधित नहीं होने दी जाएगी।

## उकलाना नपा की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 27 मार्च को, 7 तक मांगीं आपत्तियां

**हिसार।** राज्य निर्वाचन आयोग, हरियाणा, पंचकूला द्वारा अधिसूचना के तहत नगर पालिका उकलाना के आम चुनाव के संदर्भ में मतदाता सूची में संशोधन कार्यक्रम जारी किया गया है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अनुसार संबंधित विधानसभा क्षेत्र अथवा उसके भाग के निर्वाचकों का वितरण नगर पालिका उकलाना के वार्डों में किया जाएगा तथा प्रारूप मतदाता सूची (ड्राफ्ट इलेक्टोरल रोल) प्रकाशित की जाएगी। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची का सभी वार्डों में वितरण कर ड्राफ्ट रोल तैयार करने का कार्य 27 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। इसके बाद 28 फरवरी 2026 को वार्डवार प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा एवं दावे एवं आपत्तियां आमंत्रित की जाएगी। संशोधन प्राधिकारी के समक्ष दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 7 मार्च 2026 है। 12 मार्च 2026 तक संशोधन प्राधिकारी द्वारा दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण किया जाएगा। संशोधन प्राधिकारी के आदेशों के विरुद्ध उपायुक्त के समक्ष अपील दायर करने की अंतिम तिथि 16 मार्च 2026 है। 19 मार्च 2026 मार्च तक उपायुक्त द्वारा अपीलों के निस्तारण किया जाएगा। इसके बाद 27 मार्च 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा

### दावों-आपत्तियों के निस्तारण के लिए अधिकारी नियुक्त

*हिसार। राज्य निर्वाचन आयोग ने नपा उकलाना के आम चुनाव के मद्देनजर दावों एवं आपत्तियों के निस्तारण के लिए बरवाला तहसीलदार रामनिवास भादू को रिवाईजिंग अर्थॉरिटी एवं बरवाला नायब तहसीलदार रविंद्र शर्मा को सहायक रिवाईजिंग अर्थॉरिटी नियुक्त किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल ने बताया कि वार्ड वार दावे व आपत्तियों के निस्तारण के लिए सहायक संशोधन अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इनमें बीडीपीओ उकलाना ऋषि गोयल को वार्ड संख्या 1 से 3, बीडीपीओ बरवाला रोशनलाल को वार्ड संख्या 4 से 6, पाबड़ा सिंचाई विभाग से एसडीओ अजय सिहाग को वार्ड संख्या 7 से 9, बरवाला से सिंचाई विभाग के एसडीओ प्रदीप श्योराण को वार्ड संख्या 10 से 12, जीएसएसएस खरकरा से पीजीटी कुलभूषण आहूजा को वार्ड संख्या 13 व 14 व गवर्नमेंट कॉलेज उकलाना के सहायक प्रोफेसर नरेंद्र चौहान को वार्ड संख्या 15 व 16 के सहायक संशोधन अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।*



हिसार। दंगल में दो-दो हाथ करती महिला पहलवान।

# आईआईएस दंगल चैंपियनशिप में पहलवानों ने दिखाया दमखम

- हकृवि कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने पहलवानों का बढ़ाया हौसला

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित गिरी सेंटर के शहीद मदन लाल ढींगरा मल्टीपर्पस हॉल में सोमवार को राष्ट्रीय स्तर के आईआईएस दंगल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। देर रात तक चले कुश्ती दंगल में कई नामी पहलवान पहुंचे और उन्होंने जोर-आजमाइश की। यह दंगल इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ़ स्पोर्ट और पारले जी द्वारा आयोजित था। इसमें 300 से ज़्यादा एंट्री आईं और लगभग 240 पार्टिसिपेंट्स ने नौ कैटेगरी में अपना दमखम दिया। शाम को हकृवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज भी कुश्ती दंगल में पहुंचे और पहलवान का हौसला बढ़ाया। आईआईएस स्टेबल के कई जाने-माने नाम पहलवान 62 किलोग्राम प्लस में काजल, 53 किलोग्राम में निशु, अंडर-17 आयु वर्ग के 60 किलो में वार्ड गोल्ड मेडलिस्ट सूरज, अंडर-20 आयु वर्ग के 60 किलों में विश्व स्तर पर कांस्य पदक विजेता सुमित और अंडर -20 के 57 किलो भार वर्ग में विश्व स्तर पर कांस्य पदक विजेता सुमित मलिक अपना दमखम दिखाने दंगल पहुंचे। आईआईएस विमेंस कोच कोसेई अकाइशी और हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर गैरी हॉल उभरते हुए टैलेंट को ढूंढने के लिए वेन्यू पर मौजूद थे।

### नए स्टार्स के लिए मौका

चैंपियनशिप पर साई-आईआईएस हिसार सेंटर के हेड ऑफ़ ऑपरेशंस सत्य प्रकाश ने कहा कि आईआईएस दंगल चैंपियनशिप नए स्टार्स के लिए खुद को दिखाने और सीखने का एक शानदार प्लेटफॉर्म था। आईआईएस के हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर गैरी हॉल ने कहा कि यह दंगल युवा पहलवानों के लिए इसमें शामिल होने, खुद को परखने और अपना बेस्ट देने का एक शानदार मौका है। हम भविष्य में किसी भी पहलवान को इसमें शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

## राज्यस्तरीय 12वीं सब जूनियर स्पर्धा के सेमीफाइनल में हिसार ने फतेहाबाद व सोनीपत ने जींद को हराया

# हिसार और सोनीपत के बीच होगा हॉकी का फाइनल

**हिसार की अंतिका का उत्कृष्ट प्रदर्शन, लगाई हैट्रिक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा हॉकी राज्य स्तरीय 12वीं सब जूनियर व 17वीं जूनियर व 37वीं सीनियर प्रतियोगिता के चौथे दिन पहला मैच जूनियर वर्ग का रोहतक व फतेहाबाद के बीच खेला गया। इसमें रोहतक की टीम ने फतेहाबाद को 11-0 से हराया। दूसरा मैच सब जूनियर वर्ग का पहला सेमीफाइनल सोनीपत व जींद के बीच खेला गया। इस मैच में सोनीपत ने जीन्द को 8-0 से हराया। तीसरा मैच का पहला सेमीफाइनल सोनीपत व जींद के बीच खेला। सब जूनियर वर्ग का दूसरा सेमीफाइनल हिसार व फतेहाबादके बीच खेला गया। इस मैच में हिसार टीम ने खेल का बेहतरीन फतेहाबाद टीम को 5-2 से हराया। हिसार टीम खिलाडी अंतिका का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अंतिका ने हैट्रिक लगाई। चौथा मैच सीनियर वर्ग का हिसार व करनाल की टीमों के बीच खेला गया। इस मैच में हिसार की टीम ने करनाल को 3-0 से हराया। दिन का आखिरी व पांचवा मैच जूनियर का कुरुक्षेत्र व भिवानी के मध्य खेला गया। इस मैच में कुरुक्षेत्र टीम ने भिवानी टीम को 5-0 से हराया।



हिसार। हॉकी मैच में एक-दूसरे से गेंद छीनने का प्रयास करती खिलाड़ी।

### ये रहे मौजूद

हॉकी हिसार के महासचिव आजाद सिंह मलिक ने बताया कि सोमवार को कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के पुत्र संजीव गंगवा मुख्य अतिथि व मार्केट कमेटी के चेयरमैन रविन्द्र रोकी विशिष्ट अतिथि रहे। इस अवसर पर अलावा सुभाष सरपंच, संजीव कुहाड, प्रवीन शर्मा, नरेन्द्र सिंह जागलान, जयवीर जागलान व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# सहेली



एक बार जीवनसाथी से इमोशनल बॉन्डिंग कम होने लगे तो मैरिटल आइसोलेशन की पीड़ा मिलना तय है। ऐसे हालात में एक ही घर में रहने वाले, साथ जीवन बिताने वाले दंपती आपस में अपरिचित लगने लगते हैं। दांपत्य जीवन में यह स्थिति बहुत खतरनाक है। इससे कैसे बचा जाए और कैसे दांपत्य जीवन मधुर रहे, आपके लिए जरूरी सलाह।

## मैरिटल आइसोलेशन से बचें
# बनाए रखें इमोशनल बॉन्डिंग

कवर स्टोरी
**स्नेहा सिंह**

प्रायः यह देखा जाता है, शादी के कुछ समय बाद पति-पत्नी के बीच पहले जैसा आकर्षण नहीं रहता है या फिर इस आकर्षण में उन्हें कोई रुचि नहीं रहती। कारण अनेक हो सकते हैं, लेकिन समाधान क्या है, यह विचारणीय है। सामान्यतः विवाह के कुछ वर्ष बीतते ही यह भावना किसी एक या दोनों पक्षों में जन्म लेने लगती है। पति या पत्नी या फिर दोनों यह मानने लगते हैं कि उनके लाइफ पार्टनर को उनमें कोई रुचि नहीं रही। वे उन्हें अकेला छोड़ देते हैं। वास्तविकता यह है कि आप एक ही बिस्तर पर सोते हैं, एक ही डिनर टेबल पर बैठते हैं, साथ में टीवी देखते हैं, एक ही संतान या संतानों का पालन-पोषण मिलकर करते हैं और फिर भी अकेलापन महसूस होता है। आप सहवास करते हैं, पर उसमें प्रेम नहीं होता। आप बात करते हैं, उसमें उत्साह नहीं होता। आप साथ रहते हैं, उसमें कहीं भी सच्चा साथ नहीं होता। यह अकेलेपन का वायरस आसानी से समझ में नहीं आता है। धीरे-धीरे मन में घर करता है और फिर अपने पांव पसारता है। जब तक बीमारी समझ में आती है, तब तक वैवाहिक जीवन में अकेलापन, ऊब और अवसाद फैल चुका होता है। व्यक्ति इमोशनल मालन्यूट्रिशन (एक मनोवैज्ञानिक अवस्था, जिसमें आपसी लगाव कमजोर होने लगता है) का शिकार होने लगता है।



### अपनी-अपनी दुनिया में खोए पति-पत्नी

अकसर देखा जाता है कि पति-पत्नी साथ बैठे होते हैं, एक ही व्हाट्सएप ग्रुप में दस-पंद्रह बार मैसेज पोस्ट करते रहते हैं, लेकिन एक-दूसरे से बात नहीं करते। बेडरूम में साथ होंगे, लेकिन दोनों अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में बिजी रहते हैं। वर्चुअल दुनिया में घूमते दोनों आपसी संवाद से दूर होते हैं फिर अकेलेपन और नीरस वैवाहिक संबंध की शिकायत करते हैं। इसी संदर्भ में एक उदाहरण- निक्की और वेद की शादी को तीन वर्ष ही हुए थे। दोनों उच्च शिक्षित हैं, संपन्न परिवारों से हैं। वेद अपना फैमिली बिजनेस संभालता, जबकि निक्की अधिकतर समय घर पर बिताती, अपने मित्रों और सास के साथ मिलकर कुछ चैरिटी के काम करती। वह एक छोटा-सा संगठन भी चलाती थी। यह संस्था मूलतः उसकी सास के लिए उसके ससुर ने शुरू की थी, लेकिन निक्की उसमें थोड़ा समय देकर स्वयं को सक्रिय रखती थी। बाकी समय वह घर पर ही रहती। स्थिति तब बदली जब उसके सास-ससुर, वेद के बड़े भाई के पास रहने अमेरिका चले गए। अब घर में केवल दो ही लोग रह गए, वेद और उसकी पत्नी निक्की। शुरुआत में वेद के घर आने के बाद निक्की उत्साह से खाना बनाती, घर को नए-नए तरीके से सजाती। मित्रों को बुलाकर पार्टी करती। वेद भी उत्साह से उसमें शामिल होता। कुछ महीनों तक यह उत्साह बना रहा, फिर धीरे-धीरे उसमें कमी आने लगी। अब स्थिति यह हो गई कि कई बार वेद बिजनेस मीटिंग के कारण देर से आता, कभी अपने चपरासी से कपड़े मंगवा लेता और ऑफिस से ही सीधे बिजनेस ट्रिप पर चला जाता। शहर में भी होता तो ऑफिस पार्टी या अन्य कारणों से देर से घर आता। यह सिलसिला धीरे-धीरे बढ़ने लगा। निक्की कई बार वेद की पसंद का खाना बनाती, लेकिन वह बाहर से डिनर करके आता या आधी रात को लौटकर खाना ही नहीं खाता। छुट्टी के दिन भी वह कमरे में लैपटॉप लेकर बैठा रहता, काम करता रहता। धीरे-धीरे वेद और निक्की के बीच सारे संवाद बंद से हो गए। वेद-निक्की, जो कभी लव बर्ड्स थे, अब एक-दूसरे पर चिल्लाते-गुस्साते। निक्की को लगने लगा कि वेद को अब उसमें कोई रुचि नहीं है। शादी हो गई, पत्नी मिल गई, अब सब समाप्त। दूसरी ओर वेद को लगता कि निक्की देर तक जाग नहीं सकती, पार्टियों में साथ नहीं आ पाती, इसलिए उसका घर में रहना ही बेहतर है। संबंधों में यह उपेक्षा कभी स्वाभाविक रूप से तो कभी जानबूझकर होती है। अन्य पारिवारिक संबंधों में इसे कुछ समय तक सहा जा सकता है, लेकिन जब पति-पत्नी ही एक-दूसरे की उपेक्षा करने लगें तो वैवाहिक संबंध अपने मायने खो देते हैं। शेष बचता है संताप, जो अत्यंत घातक है।



### चाहिए एक मास्टर प्लान

हम सभी को एक बात स्वीकार करनी होगी, घर हो या संबंध, उसे संभालने के लिए एक मास्टर प्लान चाहिए। जिस प्रकार घर बसाने के बाद उसकी देखभाल की प्लानिंग की जाती है, उसी तरह विवाह के बाद संबंध को बनाए रखने की भी एक प्लानिंग बनानी चाहिए। इक्कीसवीं सदी की जीवनशैली में इस तरह का मास्टर प्लान और भी जरूरी हो गया है, क्योंकि हम भौतिक जीवन को महत्व देने लगे हैं। कई बार हम वस्तुएं देकर संबंध बनाते और निभाते हैं, भावनाएं नहीं होती हैं। हम भावनाओं की बचत करते हैं और पैसे खर्च करते हैं, इसी कारण संबंध सिंथेटिक होते जा रहे हैं। हमें इससे बचना चाहिए, जीवन में भावनाओं का महत्व समझना चाहिए।

### बहुत जरूरी है पति-पत्नी के बीच विश्वास

पति-पत्नी के संबंध बने रहें, इसके लिए सबसे अधिक जरूरी है, एक-दूसरे के प्रति विश्वास। जीवन किसी भी स्थिति में हो, अपने जीवनसाथी से हमेशा संवाद बनाए रखना चाहिए। अपनी समस्याओं पर खुलकर बात करना चाहिए, इससे समस्याओं का समाधान निकलता है। जीवनसाथी से अधिक सहजता से कोई आपकी कठिनाइयों को नहीं समझ सकता और न सही समाधान दे सकता है। पति-पत्नी यदि एक-दूसरे को 'आई लव यू' न भी कहें, इससे बहुत फर्क नहीं पड़ता, लेकिन यदि प्रेम का अहसास एक-दूसरे को न कराएं तो रिश्ते अपना अर्थ खो देते हैं। व्यक्ति अकेलेपन को दूर करने के लिए जीवनसाथी खोजता है, यदि विवाह के बाद भी वह अकेलापन महसूस करे तो यह गंभीर चिंता का विषय हो जाता है, क्योंकि विवाह संस्था समाज की सबसे बड़ी आधारशिला है।

### बनाए रखें संवाद

दांपत्य जीवन में आज के समय में हमारी सबसे बड़ी समस्या यह है कि हम जीवनसाथी से संवाद करना ही भूल जाते हैं। जिसके साथ रहते हैं, जीवन बिता रहे हैं, उसी से बात करने की जरूरत नहीं महसूस करते। हम उसके स्वभाव, प्रतिक्रिया और विचारों को लेकर अपनी गलत धारणाएं बना लेते हैं, उसी आधार पर प्रतिक्रिया देते हैं। गलत धारणाओं से शुरू हुआ यह चक्र धीरे-धीरे विषचक्र बन जाता है। हमें यह स्वीकार करना चाहिए, दांपत्य की हर समस्या-कठिनाई का समाधान पति-पत्नी के आपसी संवाद में ही है। यदि समाधान बाहर ढूंढ़ेंगे तो स्थिति और उलझेगी। अपने जीवनसाथी के साथ रहकर भी यदि हम उसे समझ न सकें और स्वयं को भी न समझा सकें, तो दांपत्य के मायने खो जाते हैं। एक बार जीवनसाथी के साथ इमोशनल बॉन्डिंग कम होने लगे तो मैरिटल आइसोलेशन की पीड़ा जन्म लेगी ही, हमें इससे बचना चाहिए। हमेशा यह कोशिश होनी चाहिए, दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहे।

---

कुछ लोग अपना ध्यान किसी काम में केंद्रित नहीं कर पाते हैं, पल भर में उनका ध्यान किसी दूसरी ओर चला जाता है, दूसरे ही पल फिर किसी और तरफ। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो अमल में लाएं यहां बताई बातें।

# क्या आपको अपना ध्यान केंद्रित करने में परेशानी होती है?

सलाह
**विधि गोयल**



क्या आपका मन भी किसी एक चीज पर फोकस नहीं कर पाता, इधर-उधर ध्यान भटकता रहता है यानी, ध्यान केंद्रित करने में परेशानी होती है, चाहकर भी ध्यान केंद्रित नहीं हो पाता, तो आप इसको नजरअंदाज न करें और सावधान हो जाएं। क्योंकि इसका अर्थ है कि आप एकाग्रता की कमी की समस्या का शिकार हो रही हैं।

**न्यूरोडेवलपमेंट डिसऑर्डर की प्रॉब्लम:** अगर किसी को ध्यान केंद्रित करने में परेशानी हो रही है, तो इसका एक कारण अटेंशन डेफिसिट हाइपर एक्टिविटी डिसऑर्डर (ए. डी. एच. डी.) हो सकता है। यह एक न्यूरोडेवलपमेंट डिसऑर्डर है, जो ध्यान और एकाग्रता जैसी समस्याओं को प्रभावित करता है। कुछ लोग चीजें भूलने लग जाते हैं, उन्हें बेचैनी रहती है और एक जगह बैठने में दिक्कत होती है। ये सभी अटेंशन डेफिसिट हाइपर एक्टिविटी डिसऑर्डर के लक्षण होते हैं, जिसके कारण ध्यान केंद्रित करने में परेशानी होती है। इसके अलावा शॉर्ट अटेंशन स्पैन के कई अन्य कारण डिप्रेशन, नींद में कमी या सोशल मीडिया पर ज्यादा समय बिताना भी हो सकता है। ध्यान केंद्रित न होने की समस्या को सोशल मीडिया का समय तय करने के अलावा लाइफ में कुछ अन्य बातों को अमल में लाकर आप अपने कामों में ध्यान केंद्रित करने की आदत में काफी हद तक सुधार ला सकती हैं। इस बारे में आपको भी जरूर जानना चाहिए।



**रेग्युलर ब्रेक लें:** बर्नआउट से बचने के लिए काम के दौरान छोटे-छोटे ब्रेक लें, इससे माइंड रिलैक्स होगा, थकान से राहत मिलेगी और एकाग्रता में सुधार आएगा।

**ब्रेन गेम्स खेलें:** हर वक्त काम में बिजी रहने से टेंशन और एंग्जाइटी होती है। इससे बचने के लिए सुडोकू, क्रॉसवर्ड, बुक रीडिंग, पहेलियां और मेमोरी गेम्स खेलें। इससे एकाग्रता बढ़ती है।

**टाइम मैनेजमेंट करें:** हर रोज सभी कार्यों को समय पर करने के लिए पहले से प्लानिंग करके टू डू लिस्ट तैयार करें। इससे सभी कार्य समय पर पूरे होते हैं, जिससे एकाग्रता में सुधार होता है। इसके अलावा रोज के काम जरूर पूरा करें। कार्य को कल पर टालने से बचें।

**माइंडफुलनेस की प्रैक्टिस करें:** माइंडफुलनेस और मेडिटेशन से सांसों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है और मन को भटकाने वाले विचारों से राहत मिलती है और ब्रेन को बेहतर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है।

**पर्याप्त नींद लें:** नींद की कमी से भी एकाग्रता की कमी की समस्या होती है। इसलिए व्यस्त दिनचर्या के कारण शरीर को होने वाली थकान से बचाने के लिए रात में 7 से 9 घंटे की भरपूर नींद लें। इससे शरीर और दिमाग रिलैक्स होगा और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता बेहतर होगी।

**हाइड्रेटेड रहें और हेल्दी डाइट लें:** हेल्दी डाइट लेने से एकाग्रता और याद्दाश्त पर सीधा प्रभाव पड़ता है। एकाग्रता बढ़ाने के लिए मछली, अंडे, ब्लूबेरी और पालक जैसे खाद्य पदार्थ डाइट में शामिल करें। साथ ही शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए भरपूर मात्रा में पानी पिएं। ।

**वर्कआउट से मिलता है लाभ:** नियमित रूप से एक्सरसाइज करने से शरीर में ब्लड का सर्कुलेशन ठीक होता है, जिससे ऑक्सीजन का प्रवाह बढ़ जाता है और शरीर दिनभर एक्टिव और हेल्दी रहता है। रोज केवल 30 मिनट वॉक करने से भी फोकस करने की क्षमता काफी बेहतर होती है।

**(मनोचिकित्सक डॉ. मीनाक्षी मनचंदा से बातचीत पर आधारित)**

---

लोक-व्यवहार
**अलका 'सोनी'**

अगर आपके पड़ोसी अच्छे हैं तो आप बहुत खुशनसीब हैं। पड़ोसी आपका ध्यान रखकर मानसिक सुरक्षा ही नहीं देते, सकारात्मक माहौल देकर आपको स्वस्थ और प्रसन्न रखते हैं। इसलिए पड़ोसी से हमेशा अपने संबंध आत्मीय रखें।

## हमें स्वस्थ-प्रसन्न रखते हैं
# अच्छे पड़ोसी



बड़े-बुजुर्ग कहा करते हैं कि पड़ोस से इतना रिश्ता जरूर रखना चाहिए कि जब भी सामने पड़ें तो नजरें मिला सकें। क्योंकि मौके-बेमौके वे ही काम आते हैं। बुजुर्गों के इस कहन में उनका वर्षों का जीवन अनुभव है, वे इस बात को भली-भांति समझते हैं कि हमारी खुशी व्यष्टि से ज्यादा समष्टि में निहित होती हैं। सामाजिक मेल-जोल अकेलेपन, अवसाद और चिंता से हमारी सुरक्षा करता है। हमारी भारतीय संस्कृति में आस-पड़ोस से अपनेपन के रिश्ते सदियों पुराने देखे गए हैं। भारत में हर त्योहार आज भी पड़ोस के साथ मिलकर ही मनाया जाता है। इस संस्कृति को अब विदेशों में भी अपनाया जा रहा है। इस पर अनेक विदेशी मनोवैज्ञानिक और समाजशास्त्री अध्ययन भी कर रहे हैं।

**मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है आस-पड़ोस:** आज जिसे देखो वहीं अवसाद से ग्रस्त रहता है। इसका एक बहुत बड़ा कारण है- अकेलापन। इस संकट से निपटने के लिए हमारे बुनियादी सामाजिक ढांचे का मजबूत होना बहुत जरूरी है। जिसमें सामाजिकता और शारीरिक गतिविधि को प्रोत्साहित करने वाले पड़ोस की भूमिका अहम हो जाती है। आस-पड़ोस का स्वस्थ वातावरण हमारे जीवन को अनेक प्रकार से प्रभावित करता है। अकेले रहना, अपने पड़ोसियों से बातचीत नहीं करना, मानसिक स्वास्थ्य के लिए सही नहीं है। दूर के लोगों से अच्छी मित्रता होना ठीक है, लेकिन आपके पड़ोस में रह रहे लोगों से अच्छी बनती है तो यह किसी वरदान से कम नहीं है। इसके एक नहीं अनेक फायदे हैं, हमें यह जरूर जानना चाहिए-

**बढ़ती है उम्र:** मनोविज्ञान कहता है कि खुश और व्यस्त रहना, लंबी उम्र के लिए बहुत जरूरी है, क्योंकि इससे आपके अंदर ऊर्जा और जिजीविषा बनी रहती है, हम दीर्घायु होते हैं। इसमें हमारे अच्छे पड़ोसी बहुत मददगार साबित होते हैं। अमेरिका के नेबरहुड क्वालिटी ऑफ लाइफ स्टडी के एक डेटा विश्लेषण, जिसमें सिएटल, बाल्टीमोर और वाशिंगटन डीसी के 32 पड़ोस में रहने वाले वयस्क शामिल थे, के निष्कर्ष ने बताया कि हमारे पड़ोसी सामाजिक संपर्क को बढ़ावा देते हैं, जैसे कि नमस्ते करना, मदद मांगना या पड़ोसियों के साथ मेल-जोल बढ़ाना।

**मिलती है सुरक्षा:** आस-पड़ोस से अच्छा रिश्ता सुरक्षा की दृष्टि से भी जरूरी है, क्योंकि जब आपके पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध होते हैं, तो वे आप पर नजर रखते हैं। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के बारे में आपको सचेत रखते हैं। आपकी अनुपस्थिति में संभावित नुकसान से बचाते हैं। आपके घर के आस-पास आवांछित गतिविधि पर पुलिस को कॉल कर आपकी मदद करते हैं ताकि आप मुसीबत से बचें। कहते हैं, संकट के समय रिश्तेदार से पहले पड़ोसी ही मदद करते हैं।

**मिलती है स्वास्थ्यवर्धक सकारात्मकता:** अगर आपको स्नेही और मित्रवत पड़ोसी मिले हैं, यह किसी आशीर्वाद से कम नहीं है, क्योंकि शत्रुतापूर्ण पड़ोसियों के साथ रहने से नकारात्मक माहौल बनता है, इसका आपके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। जब आप अपने पड़ोसी के साथ खुश और सकारात्मक रहती हैं, तो बातचीत में किसी प्रकार का तनाव महसूस नहीं करती हैं, इससे मूड सही रहता है।

### सबको मिलती है खुशी

अच्छा और स्वस्थ माहौल सबके लिए जरूरी है। इसमें पड़ोसियों की भूमिका अहम होती है। एक अच्छे पड़ोसी का महत्व हमने सबसे ज्यादा कोरोना काल में महसूस किया था, जिसकी वजह से महामारी के दौरान लोग अकेलेपन और अवसाद से बचे रहे। होली के रंग और दिवाली की रोशनी की चमक तब तक अधूरी है, जब तक कि ये सबके साथ नहीं मनाए जा रहे हों। अच्छे पड़ोसी विशेषकर बुजुर्गों से बच्चों को अच्छी परवरिश, युवाओं को सही मार्गदर्शन और सपोर्ट मिलता है। बुजुर्गों को भी युवाओं का साथ और सहयोग मिलता है। ऐसा स्वस्थ माहौल सबको आपस में बांधे रखता है। सबको एक खुशी मिलती है।

---



हेयर केयर
**शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट**

## आपके बाल दिखेंगे घने-खूबसूरत
# अपनाएं ये आसान कारगर उपाय

घने और खूबसूरत बाल हर महिला की चाहत होती है, लेकिन खराब जीवनशैली और भाग-दौड़ भरी व्यस्तता में बालों की अच्छी तरह देखभाल करना किसी चुनौती से कम नहीं लगता है। इसके अलावा अधिकतर महिलाएं चेहरे को निखारने पर जितना ध्यान देती हैं, उतना बालों की देखभाल पर नहीं देती हैं। इससे बाल रूखे, बेजान और कमजोर होने लगते हैं। इनसे बचने के लिए आपको कुछ उपायों पर अमल करना चाहिए।

**रेग्युलर क्लीनिंग:** बालों की अच्छी देखभाल के लिए सबसे जरूरी है कि आप अपने बालों को अच्छी तरह से नियमित धोएं और इसके लिए केमिकल के बजाय नेचुरल चीजों को यूज करें। दरअसल, बाजार में मिलने वाले केमिकल प्रोडक्ट्स के नियमित प्रयोग करने से बालों पर काफी बुरा असर पड़ता है। इससे बचने के लिए आप घर पर ही हेयर क्लींजर तैयार कर सकती हैं। इसके लिए आप आंवला, रीठा और शिकाकाई का उपयोग कर सकती हैं। यह आपके बालों को पोषण देने के साथ-साथ स्कैल्प को भी साफ करता है। इस हेयर वॉशर को बनाने के लिए एक मुट्ठी सूखा रीठा, शिकाकाई और आंवला लें। इन्हें एक लीटर पानी में डालकर रात भर भीगने के लिए रख दें। अगले दिन इनको पानी के साथ धीमी आंच पर तब तक उबालें, जब तक कि पानी आधा न रह जाए। लेकिन इसको तेज आंच पर न उबालें। अब इस मिश्रण को ठंडा होने दें और फिर छलनी की मदद से इसे छान लें। फिर इस मिश्रण का इस्तेमाल अपने बालों को धोने के लिए करें। इससे आपके बाल पूरी तरह साफ हो जाएंगे और केमिकल्स के दुष्प्रभावों से भी बचे रहेंगे।



**हेयर ऑयलिंग:** बालों की ऑयलिंग करने से भी उनको बहुत मजबूती मिलती है। इसके लिए बालों में हल्के हाथ से तेल से मसाज करें। इससे बालों की कोशिकाओं में रक्त का संचार बढ़ता है। इससे बाल कोमल और चमकदार हो जाते हैं। ध्यान रहे कि आपको बालों को तेजी से रगड़ना नहीं है। आप बालों में नारियल का तेल या जैतून का तेल लगा सकती हैं। बालों को स्वस्थ बनाने में बादाम का तेल भी बहुत कारगर होता है।

**डेंड्रफ दूर करने के लिए:** बालों में डेंड्रफ यानी रूसी की समस्या से भी बहुत सी महिलाएं परेशान रहती हैं। इससे बाल कमजोर होकर झड़ने भी लगते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए शुद्ध नारियल का तेल या तिल का तेल इस्तेमाल करना कारगर है। आप शुद्ध जैतून का तेल गर्म करके भी लगा सकती हैं।

इन उपायों के अलावा मजबूत और खूबसूरत बालों के लिए लाइफस्टाइल और डाइट पर भी ध्यान देना होगा।

---

मेडिकल एडवाइस
**डॉ. माला श्रीवास्तव**
सीनियर गायनेकोलॉजिस्ट
सर गंगाराम हॉस्पिटल, दिल्ली

मेनोपॉज के शुरुआती दिनों से कुछ महीने बाद तक महिलाओं को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं परेशान करती हैं। ऐसे में परेशान न होकर राहत पाने के उपायों को अपनाना चाहिए। इस बारे में यहां डिटेल में बता रहे हैं।

## मेनोपॉज के दौरान होने वाली प्रॉब्लम्स
# टेंशन न लें-राहत के उपाय अपनाएं

अगर आपकी उम्र 45 साल से ज्यादा हो चुकी है, आपको अनियमित पीरियड्स, अनिद्रा और रात को पसीना आने जैसी समस्याएं परेशान करती हैं तो यह मेनोपॉज का लक्षण हो सकता है। यह महिलाओं के जीवन का ऐसा दौर है, जब उनके शरीर में एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरॉन नामक हार्मोन का सीक्रीशन कम होने लगता है, जिसके परिणामस्वरूप उनके पीरियड्स आना बंद हो जाते हैं। उम्र के इस दौर में महिलाओं को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है, लेकिन सही जानकारी और जीवनशैली बदलाव लाकर इनसे बचा जा सकता है।



**होने वाली शुरुआती समस्याएं:** मेनोपॉज के शुरुआती दौर को पेरिमेनोपॉज कहा जाता है। इस दौरान सबसे बड़ी समस्या हॉट फ्लैशेस की होती है, जिसमें अचानक शरीर में गर्मी की लहर महसूस होती है, पसीना आता है और दिल की धड़कन तेज हो जाती है। यह रात में नाइट स्वेट्स के रूप में भी प्रकट होता है, जो नींद में बाधा डालता है। वेजाइनल ड्रायनेस एक और प्रमुख समस्या है, जिसमें वेजाइना में सूखापन और जलन होती है, जो सेक्स के दौरान दर्द का कारण बनती है। हार्मोनल बदलाव के कारण मूड स्विंग्स, चिड़चिड़ापन, उदासी और एकाग्रता में कमी भी देखी जाती हैं। कुछ महिलाओं को अनियमित पीरियड्स, सिरदर्द या जोड़ों में दर्द का अनुभव होता है। ये लक्षण कुछ महीनों से तीन-चार वर्ष तक रह सकते हैं। यदि मेनोपॉज समय से पहले होता है, तो ये लक्षण अधिक गंभीर हो सकते हैं।

**मेनोपॉज के बाद की समस्याएं:** मेनोपॉज के बाद की अवधि पोस्टमेनोपॉज कहलाता है, जिसमें लक्षण कम हो सकते हैं, लेकिन स्वास्थ्य जोखिम बढ़ जाते हैं। एस्ट्रोजन की कमी के कारण हृदय रोग का खतरा बढ़ता है, क्योंकि यह हार्मोन रक्त वाहिकाओं को लचीला रखने और कोलेस्ट्रॉल को संतुलित करने में मदद करता है। मेनोपॉज के बाद ऑस्टियोपोरोसिस भी हो सकता है, जिसमें हड्डियां कमजोर हो जाती हैं और फ्रैक्चर का खतरा बढ़ता है। मेनोपॉज के बाद महिलाओं की बोन डेंसिटी 25 प्रतिशत तक घट सकती है। खासतौर पर बैकबोन और हिप्स में दर्द होने की आशंका बढ़ जाती है। मेनोपॉज के बाद वेजाइनल ड्रायनेस और यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन (यूटीआई) बढ़ सकते हैं। इसी वजह से मेनोपॉज के बाद कुछ महिलाओं में चिड़चिड़ापन, उदासी और डिप्रेशन जैसे लक्षण नजर आते हैं।



### इन बातों का रखें ध्यान

- मेनोपॉज से पहले अनियमित पीरियड्स, हल्की या कम ब्लीडिंग सामान्य बात लक्षण है, लेकिन जब कई दिनों तक हेवी ब्लीडिंग हो तो यह चिंताजनक है, ऐसी स्थिति में आपको बिना देर किए स्त्री रोग विशेषज्ञ से सलाह लेनी चाहिए।
- डाइट में मिल्क प्रोडक्ट्स को प्रमुखता से शामिल करें। इनमें मौजूद कैल्शियम से आपकी हड्डियों को मजबूती मिलेगी।
- अपने नियमित आहार में हर तरह की दाल, अंकुरित अनाज, हरी पत्तेदार सब्जियों और मौसमी फलों को प्रमुखता से शामिल करें।
- प्रतिदिन सुबह आधे घंटे के लिए धूप में जरूर बैठें। सूरज की किरणों से मिलने वाला विटामिन-डी हड्डियों की मजबूती के लिए जरूरी होता है।

प्रस्तुतिः विनीता

## हकृवि में दो दिवसीय साइंस कॉन्क्लेव का शुभारंभ

# साइंस कॉन्क्लेव ज्ञान वृद्धि और नवाचार का सशक्त माध्यम

विद्यार्थी अपने कौशल को निखार कर समाज एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार। प्रदर्शनी का अवलोकन करते कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में दो दिवसीय साइंस कॉन्क्लेव का आयोजन हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर साइंस इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी के सहयोग से किया जा रहा है। एग्री साइंस, इन्नोवेशन फॉर सस्टेनेबल फ्यूचर विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज मुख्य अतिथि जबकि स्वदेशी जागरण मंच के नेशनल को-कन्वीनर सतीश कुमार मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे। वहीं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग एवं यूजीसी के एमेरिटस फैलो डॉ ओमप्रकाश अरोड़ा विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह कॉन्क्लेव विद्यार्थियों के लिए केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि ज्ञान वृद्धि और नवाचार की दिशा में एक सशक्त मंच है। इसमें सक्रिय भागीदारी से विद्यार्थी अपने कौशल को निखार कर समाज एवं राष्ट्र के नव-निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञान किसी भी राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला है। उन्होंने साइंस कॉन्क्लेव के दौरान लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने आधुनिक तकनीक पर आधारित मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।

### कृषि को लाभकारी बनाने के लिए साइंस एंड टेक्नोलॉजी से जोड़ना होगा : सतीश कुमार

मुख्य वक्ता सतीश कुमार ने कहा कि विश्व में सबसे अधिक कृषि योग्य भूमि भारत में है। कृषि को लाभकारी व्यवसाय एवं किसानों की आय में बढ़ोतरी करने के लिए इसे साइंस एंड टेक्नोलॉजी से जोडना होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में तार्किक सोच, समस्या समाधान क्षमता और समाजोन्मुखी दृष्टिकोण विकसित करते हैं। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश यादव ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया। साइंस फोरम के सचिव डॉ रजनीकांत ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया जबकि मंच का संचालन डॉ. कनिका ने किया।

## मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा अनिवार्य : अनिल

**हांसी।** श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल में सोमवार को सीबीएसई द्वारा शिक्षकों के लिए मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण विषय पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ आस्था ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण के मुख्य उद्देश्यों, इसकी वर्तमान प्रासंगिकता तथा विद्यार्थियों में सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही अपनी क्षमताओं को पहचानने, आत्मविश्वास बढ़ाने और दैनिक जीवन के तनाव को प्रभावी ढंग से संभालने जैसे विषयों पर भी प्रकाश डाला गया। विद्यालय प्राचार्य अनिल कुमार ने कहा कि शिक्षण के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा भी आधुनिक युग की अनिवार्य आवश्यकता है।

# साहित्यकार सैनी को साहित्य सृजन के लिए मिला बलदेव मल्ल सम्मान

- साहित्य सृजन से समाज को सही दिशा दिखाना संभव : सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

वरिष्ठ साहित्यकार जयभगवान सैनी को साहित्य सृजन के लिए राष्ट्र स्तरीय सम्मान मिलने पर विभिन्न सामाजिक व साहित्यिक संस्थाओं ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। बीएमएन सेवा संस्थान द्वारा लखनऊ के हजरतगंज स्थित हिंदी संस्थान निराला सभागार में आयोजित समारोह में जयभगवान सैनी को बलदेव मल्ल सम्मान, स्मृति चिह्न व प्रशस्ति-पत्र से अलंकृत किया गया।


हिसार। साहित्यकार जयभगवान सैनी को राष्ट्र स्तरीय सम्मान से अलंकृत करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

### साहित्य समाज का आईना

समारोह में हरियाणा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल व पश्चिम बंगाल आदि राज्यों के चयनित लोगों को सम्मानित किया गया। साहित्यकार जयभगवान सैनी ने आयोजक मंडल व समस्त साहित्यिक व सामाजिक संस्थाओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि साहित्य सृजन से समाज को सही दिशा दिखाना संभव है। इसके साथ ही साहित्य समाज का आईना है जो यथार्थ को स्पष्ट करता है।

# होली उत्सव में पिंकी ने बनाई सबसे स्वादिष्ट मिठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

राजकीय महिला महाविद्यालय में गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. शशी कला यादव की अध्यक्षता में 'होली स्पेशल मिठाई बनाओ प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की 30 छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं ने नारियल के लड्डू, गुंजियां, बर्फी, मिल्क केक, बालूशाही बेसन की बर्फी, बेसन के लड्डू, बेसन की बर्फी, हल्दी की बर्फी, पेड़ा, साबूदाना खीर, फ्रूट कस्टर्ड मिल्क केक आदि विभिन्न स्वीट डिशिज बनाई। निर्णायक मंडल की भूमिका एसोसिएट प्रोफेसर विपिन बब्बर, मैडम मंजू लता और सहायक प्रोफेसर अनीता तनेजा ने बखूबी निभाई। इस प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा पिंकी ने प्रथम, अंजलि ने द्वितीय तथा कुसुम और उषा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।


हिसार। होली स्पेशल मिठाई बनाओ प्रतियोगिता' का अवलोकन करते प्राचार्य डॉ. सतीश सिंगला। फोटो : हरिभूमि

# विज्डम स्कूल में मनाया ग्रैंड पेरेंट्स डे


हिसार। ग्रैंड पेरेंट्स डे कार्यक्रम में झूमते अभिभावक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

विज्डम स्कूल में ग्रैंड पेरेंट्स डे बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यापिकाओं द्वारा दादा-दादी व नाना नानी को तिलक लगाकर किया गया जिसने पूरे वातावरण को भावात्मक व आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान म्यूजिकल चेयर, तंबोला, स्लिप गेम व बिंदी गेम का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और खूब आनंद उठाया। इसी के साथ रैंप वॉक में सभी दादा-दादी व नाना - नानी ने आत्मविश्वास व उत्साह के साथ अपनी मनपसंद प्रस्तुति दी जिसे उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से सराहा। विद्यालय निदेशक हरिपाल पिलानिया ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दादा-दादी का स्नेह और आशीर्वाद बच्चों के जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। विद्यालय प्रधानाचार्या नीलम पिलानिया ने सभी अभिभावकों का विद्यालय परिसर में आने पर आभार जताया।

## कार्यकर्ता को तराशने की प्रक्रिया है प्रशिक्षण : सुरेंद्र पूनिया

**हांसी।** भाजपा हांसी शाखा द्वारा सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत जिला अध्यक्ष अशोक सैनी की अध्यक्षता में जिला प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे, जबकि जिला प्रभारी एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता दांगी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता सुरेन्द्र पूनिया ने कहा कि कार्यकर्ता प्रशिक्षण के माध्यम से ही नेता बनते हैं। समय-समय पर प्रशिक्षण लेने से कार्यकर्ता अपडेट रहता है। प्रशिक्षण संगठन की रीढ़ है और यह कार्यकर्ता को तराशने की प्रक्रिया है। इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण प्रमुख एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया, जिला परिषद चेयरमैन सोनू डाटा, बिजेंद्र लोहान, रणधीर सिंह धीरू, कुलदीप गौतम, निशा श्योराण, संदीप आजाद आदि रहे।


हांसी। प्रशिक्षण शिविर में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा नेता सुरेन्द्र पूनिया।

# तनुज, शुभम, अवि व चेष्टा ने मारी बाजी


हांसी। खेल प्रतियोगिता बैलून रेस में भाग लेते स्कूली विद्यार्थी फोटो : हरिभूमि

- सनातन धर्म मॉडर्न पब्लिक स्कूल में वार्षिक स्पोर्ट्स-ओ-मेनिया में आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

एसडी मॉडर्न पब्लिक विद्यालय में सोमवार को प्री- नर्सरी से पांचवी कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए स्पोर्ट्स -ओ- मेनिया का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रिटायर्ड डीएसओ सुबे सिंह बेनीवाल व क्रीड़ा भारती के प्रांत मंत्री अजमेर सिंह द्वारा मशाल जलाकर किया गया। स्कूल प्राचार्या ऋतु सिंह ने बताया कि खेल प्रतियोगिता में प्री-नर्सरी से तनुज, नर्सरी से शुभम, निधि, उदय, रिधी, रणविजय, एलकेजी से अवि, सुखदीप, लविन, योगया, खनक, देवांश, यूकेजी से सना, अभिमन्यु गायत, मिशका, सुशांत सैनी, देव, पहली कक्षा से चेष्टा,बजरंग, नक्ष, सृष्टि, मिष्ठी, संचित, हरमन, दूसरी कक्षा से एलिस, युग्म कथूरिया, देव , गुरनूर सिंह ओजस, तीसरी कक्षा से इवान, कृतया, सौरांश, हार्दिक, छवि रिद्धिमा, चौथी कक्षा से गुरमीत , मौलिक, लव, दक्ष शिवन्या, प्रियल तथा पांचवी कक्षा से सुभदीप, लक्षित, गगन अभि, काशवी, सौम्या और गीतिका विजेता रहे। विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## मजदूर-किसान की लड़ाई में कांग्रेस पीछे नहीं हटेगी : बृजलाल

**हिसार।** जिला कांग्रेस भवन में मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के अंतर्गत प्रस्तावित विधानसभा घेराव की तैयारियों बारे बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने की। बैठक को संबोधित करते जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीब, मजदूर और किसान परिवारों के जीवन का आधार है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस का संघर्ष निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर एआईसीसी सदस्य राजेश संदलाना, भूपेंद्र सिंह गंगवा, रणधीर सिंह बामल, अजीत यादव, गीता आहूजा, दलजीत पंघाल, सुरेश पंघाल लाडवा, राजकुमार जांगड़ा, रमेश चाहर आदि रहे।

## होली चाइल्ड स्कूल की छात्रा कल्पना का शानदार प्रदर्शन


हिसार। विद्यालय प्रबंध निदेकश आरएस सिंधु के साथ कल्पना। फोटो : हरिभूमि

**हिसार।** होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा नौ की मेधावी छात्रा कल्पना ने राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अंडर–16 आयु वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक तथा 200 मीटर दौड़ में रजत पदक प्राप्त कर विद्यालय, जिला एवं प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उत्कृष्ट सफलता के आधार पर उनका चयन हरियाणा धावक संघ की 37वीं राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़ के लिए किया गया है। साथ ही उनका चयन एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया से संबद्ध हरियाणा इकाई के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए भी हुआ है जो होली चाइल्ड परिवार के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है।

# माता अमृता देवी की प्रतिमा अनावरण की मांग पर इनसो का प्रदर्शन

- विश्वविद्यालय प्रशासन व इनसो में नहीं बनी सहमति, 14 छात्र हिरासत में लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार। मुख्य द्वार पर प्रदर्शन करते इनसो कार्यकर्ता व उन्हें रोकते पुलिस कर्मी। फोटो : हरिभूमि

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में माता अमृता देवी की प्रतिमा के अनावरण की मांग पर प्रदर्शन कर रहे इनेलो की छात्र इकाई व विवि प्रशासन के बीच विवाद हो गया। इनसो के प्रदेशाध्यक्ष साहिलदीप कंसवा ने अपने समर्थकों के साथ विश्वविद्यालय के मेन गेट पर प्रदर्शन किया। स्थिति को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया। मामले के अनुसार इनसो ने कुछ दिन पूर्व ही चेतावनी दी थी कि यदि 22 फरवरी तक गुजवि प्रशासन माता अमृता देवी की प्रतिमा का अनावरण नहीं करवाता है तो संगठन अपने अनुसार बिश्नोई समाज की किसी छात्रा या महिला से यह कार्य करवाएगा। संगठन का आरोप है कि विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति कार्यालय की ओर जाने वाले मेन चौक पर खेजड़ी बलिदान की स्मृति में माता अमृता देवी की प्रतिमा स्थापित की गई है। इस चौक का निर्माण लगभग 6 माह पहले पूरा हो चुका है, लेकिन प्रतिमा अब तक ढकी हुई है और उसका अनावरण नहीं किया गया है।


हिसार। टीम को सम्मानित करते कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा। फोटो : हरिभूमि

## लुवास टीम ने युवा रेडक्रॉस शिविर में जीता 'बेस्ट

**हिसार।** युवा रेड क्रॉस सोसायटी की ओर से गुरु गोरखनाथ गवर्नमेंट कॉलेज में आयोजित जिला स्तरीय शिविर में लाला लाजपत राय यूनिवर्सिटी ऑफ वेटरनरी एंड एनिमल साइंसेज (लुवास) की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 'बेस्ट टीम' पुरस्कार प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में कुलपति सचिवालय में टीम सदस्यों ने कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर कुलपति ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। टीम के संयोजक डॉ. मान सिंह ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। टीम के सदस्यों अभिनव तुरान, अभिनव दहिया, करमेन्द्र, मोहित और निखिल ने विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं सामाजिक सेवा गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करते हुए अनुशासन, सहयोग एवं नेतृत्व क्षमता का उत्कृष्ट परिचय दिया। समापन समारोह में निर्णायकों ने लुवास टीम के सामूहिक प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें 'बेस्ट टीम' पुरस्कार से सम्मानित किया।

# सरकार की तर्ज पर न्यूनतम फीस में छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे रहा 3डी इंस्टिट्यूट : देवेंद्र

- पहले ही प्रयास में 12 छात्रों का जेईई मेन में चयन, विजय जुलूस निकालकर मनाई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना


उकलाना। चयनित छात्रों को सम्मानित करते पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली व अन्य।

कस्बे के 3डी इंस्टिट्यूट द्वारा पहले ही प्रयास में 12 विद्यार्थियों के जेईई मेन में चयन होने पर संस्थान परिसर से सूरेवाला चौक होते हुए उकलाना मंडी तक भव्य विजय जुलूस निकाला गया। सैकड़ों विद्यार्थियों, अभिभावकों और क्षेत्रवासियों ने इस खुशी में भाग लिया। सरपंच संघ अध्यक्ष जयपाल उर्फ बनी पहलवान सहित अनेक सरपंचों, कच्चा आढ़ती एसोसिएशन और विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने छात्रों और संस्थान प्रबंधन को बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री देवेंद्र बबली ने कहा कि 3डी इंस्टिट्यूट ने महानगरों की तर्ज पर उत्कृष्ट परिणाम देकर यह साबित कर दिया है कि ग्रामीण क्षेत्र के छात्र भी किसी से कम नहीं हैं। न्यूनतम फीस में उच्च स्तरीय शिक्षा देकर संस्थान ने यह संदेश दिया है कि उसका उद्देश्य शिक्षा का व्यवसायीकरण नहीं, बल्कि क्षेत्र के बच्चों को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में आगे बढ़ाना है। चयनित छात्रों को देवेंद्र बबली, इंस्टिट्यूट संचालक संजय डीसीएम, राजीव धतरवाल, रविंद्र कुमार आदि रहे।

## आज होगा महाभिषेक, पूर्ण आहुति व श्री श्याम संकीर्तन

# प्रकटोत्सव के लिए सजा बीड़ बबरान धाम, उमड़े भक्त

सच्चे मन से प्रभु का स्मरण करने वाले इंसान के अपने आप बन जाते बिगड़े काम : शैलेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

महाभारतकालीन प्रसिद्ध बीड़ बबरान धाम में 53वां बबरान नरेश प्रकटोत्सव व श्रीमद भागवत कथा पूरी निष्ठा व उत्साह से जारी है।

उत्सव के अंतिम दिन 24 फरवरी को आस्था का सैलाब देखने को मिलेगा। 24 फरवरी को बबरान नरेश प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

प्रातः 8.15 बजे विधि-विधान से बबरान नरेश का महाभिषेक होगा। प्रातः 11.15 बजे पूर्ण आहुति महायज्ञ में सैकड़ों श्रद्धालु हिस्सा लेंगे।


हिसार। बीड़ बबरान धाम में श्रीमद भागवत कथा करते कथा व्यास कुमार शैलेंद्र पाराशर जी महाराज व उपस्थित श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

### बाबा की महिमा का गुणगान किया जाएगा

रात्रि 8 बजे से प्रभु इच्छा तक श्री श्याम संकीर्तन के माध्यम से श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया जाएगा। कथा व्यास कुमार शैलेंद्र पाराशर जी महाराज ने श्री रुक्मणि विवाह प्रसंग सुनाकर भावविभोर कर दिया। इस दौरान बीड़ बबरान धाम में श्रद्धालुओं ने झूमते व नाचते हुए श्री रुक्मणि विवाह उत्सव भी मनाया। इस दौरान शैलेंद्र पाराशर जी महाराज ने सभी श्रद्धालुओं को प्रभु की भक्ति में मन लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से प्रभु का स्मरण करने वाले इंसान के सभी बिगड़े काम अपने आप बन जाते हैं। शैलेंद्र पाराशर जी महाराज ने बताया कि रुक्मणि ने मन ही मन भगवान श्रीकृष्ण को अपना पति मान लिया था। उन्होंने पत्र के माध्यम से श्रीकृष्ण से निवेदन किया कि यदि वे उन्हें स्वीकार नहीं करेंगे तो वे अपने प्राण त्याग देंगी या जन्मों तक उनकी प्रतीक्षा करेंगी। इसी बीच जब रुक्मणि पूजा करने के लिए मंदिर आई तो श्रीकृष्ण ने वहां पहुंचकर सभी राजाओं को पराजित करके रुक्मणि को अपने रथ पर बैठा लिया। इसके उपरांत उन्होंने विधि-विधान से रुक्मणि से विवाह किया।

## खबर संक्षेप

### कॉलेज की छात्राओं को दीं निःशुल्क साइकिलें

नारनौंद। एसबीआई बैंक और वन मित्र संस्था ने नारनौंद के राजकीय कॉलेज में साइकिलें वितरित कीं। वन मित्र संस्था के अध्यक्ष अमनदीप पानू बताया कि संस्था ने एसबीआई बैंक के सहयोग से कॉलेज की जरूरतमंद छात्राओं को साइकिल भेंट की हैं ताकि छात्राएं अपने घर से साइकिल पर कॉलेज में पढ़ने के लिए आ सकें। इस मौके पर एसबीआई बैंक के मैनेजर प्रवीन बंसल, गणेश राम, प्रिंसिपल डॉ. पंकज गोयत, डॉ. सतीश, डॉ. नैना, जगरूप, मंजीत, सुनीता, हरदीप, प्रवीन, अशोक आदि थे।

### साहित्य चेतना मंच ने की मासिक गोष्ठी

हिसार। टाउन पार्क में हिसार साहित्य चेतना मंच द्वारा मासिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर साहित्यकार शुभकरण गौड़ बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। मंच का संचालन समाजसेवी जयभगवान लाडवाल द्वारा किया गया। गोष्ठी में जयभान लाडवाल, रचनाकार भीम सैन हुड्डा, ऋषि सक्सेना, कलाकार वीरेंद्र कौशल, अशोक, मास्टर कृष्ण इंदौरा, राजेंद्र अग्रवाल,राजेंद्र गुप्ता आदि ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की।

### सांसद ने बार एसो. को 11 लाख देने की घोषणा की

नारनौंद। सांसद जयप्रकाश ने नारनौंद बार एसोसिएशन को 11 लाख रुपये देने की घोषणा की। सांसद जेपी ने कहा कि वकीलों की और भी कोई मांग है तो उसको भी पूरा कर दिया जाएगा। उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। बार एसोसिएशन की तरफ से सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा और जयप्रकाश को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के प्रधान ज्ञान प्रकाश लोहान, सचिव सुनील पनिहार, सुशील शर्मा, पवन बड़गुजर आदि उपस्थित थे।

### अग्रवाल समाज को रास में मिले प्रतिनिधित्व : गोयल

हिसार। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश महामंत्री एवं प्रवक्ता विपिन गोयल छानीवाला ने कहा कि हरियाणा में आगामी समय में राज्यसभा की दो सीट रिक्त हो रही हैं, जिनमें से एक सीट भाजपा तथा एक सीट कांग्रेस के हिस्से में जाने की संभावना है। ऐसे में अग्रवाल सम्मेलन की दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों से मांग की है कि अग्रवाल समाज को राज्यसभा में उचित प्रतिनिधित्व दिया जाए। उन्होंने कहा कि राज्यसभा जैसे महत्वपूर्ण सदन में ऐसे प्रतिनिधि होने चाहिए जो समाज के विभिन्न वर्गों की आवाज प्रभावी ढंग से उठा सकें। उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों दल समाज की भावनाओं का सम्मान करेंगे और सकारात्मक निर्णय लेंगे।

### ज्ञानदीप सेवार्थ आश्रम में हुआ हिन्दू सम्मेलन

हिसार। कैमरी रोड सेवा समिति समिति द्वारा ज्ञानदीप सेवार्थ आश्रम में गद्दीनशीन श्री श्री 1008 श्री राजेश्वरानंद महाराज के सानिध्य में भव्य हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। श्री राजेश्वरानंद महाराज, सतीश सुरलिया, रामचंद्र गंगवा, अनिल कुमार, सुरेश कुमार व आए अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राजेश्वरानंद महाराज ने अपने उपस्थित श्रद्धालुओं को सनातन की शक्ति बताते हुए एक होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जाति-पाति का भेद मिटाकर सभी को एकजुट होकर विश्वगुरु बनाने में अपना योगदान देना चाहिए।

## जिला सचिवालय परिसर में समाधान शिविर, एसडीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

# गंदे पानी की निकासी खेत की ओर करने से फसलों को नुकसान

- एसडीएम को सामने उठा मामला, जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के दिए निर्देश
- कृष्णा कॉलोनी की दो गलियों की सीवरेज लाइन की मशीन से सफाई के निर्देश भी दिए



हांसी। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते एसडीएम राजेश।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

जिला सचिवालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम राजेश खोथ ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए। समाधान शिविर में मोहला गांव निवासी अजय पानू ने बताया कि पूरे गांव के गंदे पानी की निकासी का बहाव उनके खेत की ओर कर दिया गया है, जिससे उनकी फसलों को नुकसान हो रहा है।

इस पर एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विकास एवं पंचायत विभाग तथा जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को संयुक्त रूप से मौके पर मुआयना करने और तथ्यों की जांच कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी नागरिक को इस प्रकार की समस्या से नुकसान नहीं उठाना पड़े, यह सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

शिविर में कृष्णा कॉलोनी के लोगों ने कॉलोनी की गली नंबर 6 व 7 में सीवरेज लाइनों की सफाई न होने की शिकायत रखी। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मशीन के माध्यम से सीवरेज लाइनों की पूर्ण रूप से सफाई करवाई जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को गंदे पानी और बदबू की समस्या से राहत मिल सके।

एसडीएम राजेश खोथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान शिविर में प्राप्त प्रत्येक शिकायत की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा तय समय सीमा के भीतर कार्यवाही पूर्ण कर शिकायतकर्ता को सूचित किया जाए। समाधान शिविर में तहसीलदार डॉ. अनिल कुमार बिढान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# लाडवी के सरपंच पर अवैध कब्जा कर निर्माण कराने का जड़ा आरोप

- मामले की गंभीरता को देख नगराधीश ने दिए जांच कर आवश्यक कार्रवाई की निर्देश

हिसार। जिला सभागार में आयोजित समाधान शिविर में सोमवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने आमजन की समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर नगराधीश हरिराम ने अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में गांव लाडवी के ग्रामीणों द्वारा पंचायत जमीन पर सरपंच द्वारा अवैध कब्जा कर निर्माण कराए जाने एवं रास्ता बाधित करने की शिकायत रखी गई। नगराधीश ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को मौके की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।गांव पाबड़ा के निवासी भूप सिंह द्वारा खेत की जमीन पर गलत बंटवारा होने से आ रही समस्या पर नगराधीश ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को मामले की जांच कर शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए।



हिसार। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते नगराधीश हरिराम। फोटो : हरिभूमि


### पीपीपी में गलत विवरण को नहीं कर रहे ठीक

शिविर में आय प्रमाण पत्र में गलत विवरण दर्ज होने और सुधार न होने की शिकायत पर नगराधीश ने विभाग को रिकॉर्ड की जांच कर शीघ्र सुधार करने के निर्देश दिए। नगराधीश ने शिव नगर, हिसार निवासी सेवानिवृत्त जेबीटी अध्यापक रणजीत सिंह द्वारा प्रस्तुत चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों की लंबे समय से अदायगी नहीं होने से जुड़ी शिकायत को सुना और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को मामले की जांच कर बिल की अदायगी करवाने के निर्देश दिए। गांव शाहपुर में बिजली की सप्लाई बाधित होने के कारण गांव में जल आपूर्ति की समस्या पर बिजली निगम के अधिकारियों को समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि ग्रामीणों को जल्द राहत मिल सके।

# हांसी में एसपी ने शहर में लगाए गए नाकों का किया औचक निरीक्षण

- कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी



हांसी। हिसार चुंगी पर लगाए गए नाके का निरीक्षण करते एसपी अमित यशवर्धन।

शहर में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा अपराधों की रोकथाम को प्रभावी करने के उद्देश्य को लेकर पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन द्वारा सोमवार को शहर में स्थापित विभिन्न पुलिस नाकों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने शहर की समग्र सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने पुलिस द्वारा लगाए गए नाकों पर पहुंचे और नाका इंचार्जों तथा जवानों से ड्यूटी संबंधी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने रूट व्यवस्था, वाहनों की चेकिंग प्रक्रिया तथा सुरक्षा प्रबंधों के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने विशेष रूप से नाका नहर पुल भिवानी रोड, नाका बड़सी गेट तथा हिसार चुंगी नाका सहित महत्वपूर्ण स्थानों का निरीक्षण किया तथा मौके पर मौजूद पुलिस कर्मचारियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी नाकों पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की नियमित और प्रभावी चेकिंग सुनिश्चित की जाए, बिना नंबर प्लेट, काले शीशे वाले वाहनों तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। इसके अतिरिक्त उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए।




# योगिता ने 13वीं नेशनल वॉक रेस में जीता रजत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) की ओर से चंडीगढ़ में आयोजित 13वीं नेशनल वॉक रेस कम्पीटिशन में हिसार की बेटी योगिता ने 20 वर्ष आयु की 5 किलोमीटर वॉक रेस में 23.49 मिनट के साथ सिल्वर मेडल जीता। इससे पहले 2025 में यूथ नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड और सऊदी अरबिया में हुई यूथ एशिया में चौथे स्थान पर रही थी। एथलेटिक्स हिसार के महासचिव मनोज कड़वासरा व सह सचिव राजू कनोह ने बताया कि इससे पहले भी योगिता ने अनेक मेडल जीतकर हिसार जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि फिलहाल योगिता इंडिया एक्सीलेंस ऑफ स्पोर्ट्स बेंगलुरु में ट्रेनिंग कर रही है। उसके पिता एक किसान हैं। गरीब घर से निकलकर योगिता ने अपना परचम लहराया है।

# स्पार्क योजना के अंतर्गत एचएयू में 25 से होगा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

**मैसी यूनिवर्सिटी, न्यूजीलैंड के सहयोग से होगा आयोजन, देश-विदेश के वैज्ञानिक, शोधार्थी, शिक्षाविद्, उद्योग विशेषज्ञ और नीति-निर्माता ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से भाग लेंगे हिस्सा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा डेसीफरिंग दी पोटेंशियल ऑफ क्लाइमेट रेजिलिएंट फंक्शनल क्रॉप फॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर एंड एग्रो-इंडस्ट्रीज (डीपीसीएफसी-एसएएआई-2026)' विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह सम्मेलन शिक्षा मंत्रालय की 'स्पार्क' योजना के अंतर्गत मैसी यूनिवर्सिटी, न्यूज़ीलैंड के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि यह तीन दिवसीय सम्मेलन 25 से 27 फरवरी तक हाइब्रिड मोड में आयोजित होगा। इससे देश-विदेश के वैज्ञानिक, शोधार्थी, शिक्षाविद्, उद्योग विशेषज्ञ और नीति-निर्माता ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से भाग ले सकेंगे। सम्मेलन का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच कार्यात्मक फसलों पर हो रहे नवीनतम शोध, नवाचार और तकनीकी प्रगति पर विचार-विमर्श करना तथा सतत कृषि उत्पादन और एग्रो-इंडस्ट्री विकास के लिए ठोस रणनीतियां विकसित करना है।

मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा ने बताया कि सम्मेलन के अंतर्गत मोरिंगा की ग्रोथ, बीज की क्वालिटी, एंटीऑक्सीडेंट और टैनिन प्रॉपर्टीज़ पर पर्यावरण के असर को समझना परियोजना पर विशेष फोकस रहेगा। सम्मेलन में प्रस्तुत शोध पत्रों और विचार-मंथन के माध्यम से जलवायु-स्मार्ट कृषि को बढ़ावा देने, बहु-संस्थागत सहयोग मजबूत करने तथा कृषि-आधारित उद्योगों के सतत विकास के नए आयाम स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा। सम्मेलन में देश-विदेश के शोधकर्ताओं, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं हितधारकों की सक्रिय भागीदारी रहेगी ।

# पीएमकेवीएन स्कूल के छात्रों ने कार्यक्रम में जमाया रंग




नारनौंद। स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौंद

परम मित्र कन्या विद्या निकेतन (पीएमकेवीएन) स्कूल खांडा खेड़ी ने नर्सरी से कक्षा द्वितीय तक के विद्यार्थियों के लिए "किड्स ब्लूम फिएस्टा" का सफलतापूर्वक आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नन्हे विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं समग्र व्यक्तित्व का विकास करना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इंडस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के समन्वयक प्रवीन परुथी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से विद्यार्थियों एवं स्टाफ को प्रेरित किया। लगभग 150 अभिभावकों ने समारोह में भाग लिया और बच्चों एवं शिक्षकों के उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एवं सभी अभिभावकों के गर्मजोशी से स्वागत के साथ हुई। पीएमकेवीएन खांडा खेड़ी के प्राचार्य ने सभी का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों के समग्र विकास में ऐसे कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां जैसे नृत्य, मनोरंजक प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास एवं उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में विद्यालय द्वारा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के निरंतर प्रयासों की प्रशंसा की।

# हरजीराम स्कूल के पहला एलुमनाई कार्यक्रम 1 को

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

श्री हरजी राम हिंदू हाई स्कूल, मौहल्ला रामपुरा में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य 1 मार्च को होने वाले विद्यालय के प्रथम एलुमनाई कार्यक्रम की रूपरेखा एवं तैयारियों पर चर्चा करना रहा।

बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, अतिथि आमंत्रण, पूर्व विद्यार्थियों की सहभागिता, सांस्कृतिक गतिविधियों तथा आयोजन संबंधी व्यवस्थाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए और जिम्मेदारियां निर्धारित की गईं। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व मुख्याध्यापक हरवंश लाल शर्मा, वर्तमान मुख्याध्यापक रामसिंह सैनी, हितेश शर्मा, नीलम शर्मा, विनती शर्मा तथा पूर्व विद्यार्थी सुरेश सैनी, महेश अरोड़ा, राजबीर सिंह सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने एकजुट होकर इस ऐतिहासिक प्रथम एलुमनाई समारोह को भव्य एवं सफल बनाने का संकल्प लिया।

## हरियाणा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ ने की बैठक

# निलंबित एक्सईएन के समर्थन में उतरे कर्मचारी

- कार्यकारी अभियंता को तुरंत बहाल किया जाए : फौजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

भारतीय मजदूर संघ से संबंधित हरियाणा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ की बैठक शाखा अध्यक्ष सुरेश लाम्बा की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन शाखा सचिव संदीप कुमार ने किया। बैठक में विभाग के कर्मचारियों की मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई और भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर 25 फरवरी को उपायुक्त कार्यालय पर होने वाले प्रदर्शन की तैयारियों की समीक्षा की गई। जिला अध्यक्ष अजीत फौजी ने बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि हरियाणा सरकार ने बदले की भावना से कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार व मिलनसार कार्यकारी अभियंता बलविंद्र नैन को निलंबित कर दिया है। संगठन इस फैसले की कड़ी निंदा करता है। उन्होंने कहा कि संगठन प्रदेश सरकार से अनुरोध करती है कि कार्यकारी अभियंता को तुरंत बहाल किया जाए। प्रदेश संगठन मंत्री चांदराम चहल ने भी सरकार से अनुरोध किया कि इस प्रकार की कार्यवाही से पहले निष्पक्षता से जांच की जाए। बैठक में सुरेश लाडवा, दलबीर पूनिया, अनिल कुमार, अनिल भोजराज, विनोद कुमार, अजीत न्याणा आदि भी उपस्थित रहे।

### निगम ने 20 बेसहारा पशु भेजे गो-अभ्यारण

हिसार। नगर निगम द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान लगातार जारी है। इस अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में नगर निगम की टीम ने सोमवार को विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की। एएसआई संदीप बिश्नोई ने बताया कि नगर निगम की टीम ने सातरोड, कैमरी रोड, सेक्टर 9-11, आईटीआई चौक के आस-पास क्षेत्र से 20 बेसहारा पशुओं को पकड़ा। पकड़े गए सभी पशुओं को गौ-अभ्यारण भेज दिया गया है। नगर निगम की टीम के साथ पुलिस विभाग की टीम भी मौके पर मौजूद रही।

## खबर संक्षेप

### आज मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहेंगे बीएलओ

हांसी। हांसी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम राजेश खोथ ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना में हांसी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में एसआईआर की पूर्व गतिविधियों में मतदाताओं की मैपिंग का कार्य मतदान स्तर अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा किया जा रहा है जिसमें मतदाताओं को खुद या अपने माता पिता दादा दादी में से किसी एक का वर्ष 2002 की मतदाता सूची का रिकॉर्ड (वर्ष 2002 का विधानसभा नंबर, बूथ नंबर और सीरियल नंबर जिसपर पुराना वोट दर्ज था) अपने बूथ लेवल अधिकारी को देना है ताकि बीएलओ अपनी बीएलओ ऐप पर उन मतदाताओं का मैपिंग का कार्य कर सके, इस बारे सभी बीएलओ को ट्रेनिंग भी दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि सभी बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। निर्वाचक पंजीयन अधिकारी ने बताया कि 24 फरवरी को प्रातः 10 से 2 बजे तक मतदान केंद्र पर रहकर बीएलओ दावे तथा आपत्तियां भी प्राप्त करेंगे।

### बच्चों को फोन से दूर रखने के टिप्स दिए

नारनौंद। एसबीएस स्कूल माढा में अभिभावक मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता कोटा राजस्थान अभिभावक विशेषज्ञ और अंतरराष्ट्रीय वक्ता डॉ. सपना अग्रवाल ने अभिभावकों को बताया कि बच्चों को फोन से कैसे दूर रख सकते हैं तथा उनकी पढ़ाई की तरफ रुचि किस तरह बढ़ाई जा सकती है। वे किस किस क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकते हैं। कारगिल युद्ध लड़ने वाले रिटायर कर्नल पीयूष अग्रवाल ने अभिभावकों को बताया कि हमें बच्चों पर नंबरों का बोझ नहीं डालना चाहिए बल्कि उनके अंदर कौशल विकास की तरफ ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर डॉ सुनील चहल, अध्यापक बलजीत, विकास, विजय, हेमंत, नीतू ,पूजा, मंजू, रेखा ,कुसुम, शारदा, शालू आदि मौजूद रहे।



### प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए किया जागरूक

नारनौंद। राजकीय महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित चार दिवसीय कार्यशाला स्ट्रैटेजिक प्रिपरेशन फॉर कॉम्पिटेटिव एग्जामिनेशन का सोमवार को शुभारंभ किया गया। कार्यशाला के पहले दिन मुख्य वक्ता अमनदीप रवीश, निदेशक, स्वास्तिक इंस्टिट्यूट, रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सही दिशा, समय प्रबंधन, सिलेबस की समझ और निरंतर अभ्यास के महत्व पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता के लिए स्पष्ट रणनीति और नियमित अध्ययन अत्यंत आवश्यक है। साथ ही उन्होंने तमाम सरकारी नौकरियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पंकज गोयत ने प्लेसमेंट सेल के इस कार्यक्रम की सराहना की। इस आयोजन में प्लेसमेंट सेल की प्रभारी कुमारी सोनिया नवल एवं समिति सदस्य डाक्टर सुचिता, नैना, निशा सहित महाविद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

### गवर्नमेंट वुमन कॉलेज की छात्राओं को बेस्ट टीम अवार्ड

हिसार। राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने जिला स्तर पर आयोजित युवा रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 'बेस्ट टीम अवार्ड' प्राप्त किया। यह शिविर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा की ओर से गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय में आयोजित किया गया था। इस प्रशिक्षण शिविर में बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्राओं सिमरन कौर, सुरेखा, निशा, रवीना एवं प्रीति ने भाग लिया। छात्राओं के उत्कृष्ट अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं सेवा-भावना के कारण महाविद्यालय को यह सम्मान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो (डॉ) सतबीर सिंह सांगा ने छात्राओं को बधाई दी।

### स्मॉल वंडर स्कूल के बच्चों ने की महिला थाना की विजिट

हिसार। स्मॉल वंडर स्कूल सेक्टर-15 ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, कक्षा पहली और दूसरी के विद्यार्थियों को महिला थाना की विजिट करवाई। इसका उद्देश्य बच्चों को महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा के बारे में जागरूक करना था। महिला थाना की टीम ने बच्चों को महिला सुरक्षा, स्वच्छता और शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी। विजिट के दौरान, बच्चों ने महिला पुलिस की टीम से बातचीत की और अपने सवाल पूछे। बच्चों ने महिला सशक्तिकरण के बारे में अपनी राय भी रखी और महिला पुलिस की टीम के साथ अपने अनुभव साझा किए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## 30 क्विंटल फूलों की सज्जा और 56 भोग होंगे विशेष आकर्षण

# श्री राधे कृष्णा बड़ा मंदिर में फाल्गुन महोत्सव 26 से

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



हिसार। मंदिर परिसर प्रेस वार्ता करते में जानकारी देते महंत राहुल शर्मा व अन्य।

श्री राधे कृष्णा बड़ा मंदिर के 482 वें प्रकाट्य फाल्गुन महोत्सव में तीस क्विंटल फूलों की सज्जा, 56 भोग व मां अन्नपूर्णा की रसोई का भंडारा विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। फाल्गुन महोत्सव 26 फरवरी को श्री बांकेबिहारी और राधे रानी की मेहंदी की चुंदड़ी लगेंगी और भक्तों की मन्नतों के लिए चुंदड़ी पर हाथों की थाप और मंदिर में मेहंदी की रस्म शुरू होंगी।

मंदिर परिसर में हुई प्रेस वार्ता के दौरान मंदिर के महंत महंत राहुल शर्मा ने दी। महंत राहुल शर्मा ने बताया कि विशेष मुहूर्त निकालकर श्री ठाकुर जी के आदेशानुसार 26 फरवरी से फाल्गुन महोत्सव प्रारंभ होगा, जो चार दिन तक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। फाल्गुन महोत्सव का हिसार सहित देश-विदेश में रहने वाले भक्तों को बेसब्री से इंतजार रहता है। मान्यता है कि इस अवसर पर श्री ठाकुर और किशोरी जी स्वयं भक्तों संग रास, धमाल, डांडिया, इत्र एवं रंगों की बौछारों का आनंद लेते हैं। उन्होंने बताया कि 27 फरवरी को नगर कीर्तन व भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी। श्रद्धालु ध्वजा-निशान लेकर यात्रा में भाग लेंगे और रथ को अपने हाथों से खींचेंगे।

उन्होंने बताया कि 1 मार्च को दोपहर 12 बजे से रात्रि 10 बजे तक भजन सत्संग होगा जिस में विख्यात कलाकार व गायक सोनिया शर्मा मुंबई, रूपाली मथुरा, शैलेंद्र शर्मा एवं पूजा शर्मा वृंदावन, जीतू माली गुरुग्राम, मोहन तनेजा श्री राधे कृष्णा जी के सत्संग व भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। महंत राहुल शर्मा ने बताया कि महोत्सव में वृंदावन के श्री बांके बिहारी मंदिर मुख्य अंग सेवक राहुल गोसाईं मुख्य तौर पर पहुंच कर श्रद्धालुओं को अपना आशीर्वाद देंगे।